### जल्द ही बनेगा अग्रेसन द्वार, खेतान ट्रस्ट ने दी सहमति

# सकारात्मक सोच के साथ समाज को एकजुट करने का मिशन रहेगा जारी : चुड़ैलेवाला

झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)। महाराजा अग्रेसन मार्ग स्थित अग्रेसन भवन में अग्रवाल समाज की कार्यकारिणी और ट्रस्टियों की बैठक अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला की अध्यक्षता में हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसके तहत पहले गत बैठक के निर्णयों और विचारों को सचिव शिवचरण हलवाई ने सभी के सामने रखी। जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इस मौके पर चुड़ैलेवाला ने बताया कि अग्रवाल समाज के ट्रस्टी परमेश्वर हलवाई और पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान के प्रयासों से अग्रेसन द्वार बनाने के लिए भामाशाह परिवार की सहमति मिल गई है। अब यह अग्रसेन द्वार श्रीमती गिन्नी देवी राधावल्लभ खेतान ट्रस्ट की ओर से बनाया जाएगा। जिसका निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महाराजा अग्रसेन मार्ग पर जी लाल पेट्रोल पंप के पास यह अग्रसेन द्वार प्रस्तावित है। इस मौके पर समाज के सभी कार्यकारिणी पदाधिकारियों, सदस्यों और ट्रस्टियों ने खेतान परिवार का आभार जताया। साथ ही हलवाई और डॉ. तुलस्यान के प्रयासों पर उनको साधुवाद दिया। प्रस्तावित अग्रसेन द्वार का संयोजक परमेश्वर हलवाई एवं डॉ. डीएन तुलस्यान को बनाया गया जो समाज के पदाधिकारियों से चर्चा कर अग्रसेन द्वार की पूरी रूपरेखा तैयार करेंगे।

## आईएएस माधव गुप्ता का करेंगे सम्मान

इस मौके पर अग्रवाल समाज के गौरव माधव गुप्ता द्वारा यूपीएससी परीक्षा क्रेक करके आईएएस बनने पर खुशी जताई गई। साथ ही माधव गुप्ता का अभिनंदन करने का फैसला लिया गया। माधव गुप्ता, दिवंगत वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एचके गुप्ता के पौत्र और सामाजिक कार्यकर्ता राजेश गुप्ता के पुत्र है। जिन्होंने गत दिनों ही यूपीएससी एग्जाम क्लियर किया है। इस प्रस्तावित कार्यक्रम का संयोजक अजीत राणासरिया को बनाया गया। इस मौके पर अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला ने कहा कि सकारात्मक सोच के साथ समाज को एकजुट करने का लक्ष्य हर एक समाज के व्यक्ति का है। वहीं सोच उनकी भी है। इसलिए आपसी व्यक्तिगत मनमुटाव को दूर करके सभी एक जाजम पर बैठकर समाजहित में सुझाव दें और समाज को मजबूत बनाएं।

## मैसेज को नजरअंदाज करने का फैसला

सचिव शिवचरण हलवाई ने किसी एक अग्र बंधु द्वारा समाज को पत्र लिखकर किए गए प्रश्नों एवं व्यक्तिगत किए गए मैसेज को पढ़कर सुनाया। जिस पर सर्वसम्मति से निर्णय हुआ इस प्रकार के पत्रों और मैसेज को समाज में सौहार्द बनाए रखने के लिए नजरअंदाज किया जाना चाहिए। आपसी मनमुटाव के चलते इस प्रकार की पुनरावृत्ति ना हो के लिए प्रदीप पाटोदिया एवं नेमी अग्रवाल को अधिकृत किया गया। सभा का समापन अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला द्वारा सभी का आभार प्रकट कर किया गया।

## इन्होंने लिया बैठक में हिस्सा

बैठक में अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला, सचिव शिवचरण हलवाई, कोषाध्यक्ष राजेश केजड़ीवाल, उपाध्यक्ष रघुनाथप्रसाद पोद्दार, उप मंत्री अनिल केजडीवाल, आशीष तुलस्यान, पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान, सीए पवन केडिया, अनिल केजड़ीवाल, कैलाशचंद्र सिंघानिया, श्रवण केजड़ीवाल, परमेश्वर हलवाई, प्रमोद खंडेलिया, नेमी अग्रवाल, जुगलकिशोर मोदी, सुरेंद्र केडिया, अजीत राणासरिया, श्यामसुंदर टीबड़ा, आनंद टीबड़ा, विपिन राणासरिया, अशोक तुलस्यान, संदीप केडिया, विनोद कानोडिया, नरेश परसरामपुरिया, सीए जिम्मी मोदी, रमाकांत हलवाई, राजेश टेकड़ीवाल, प्रदीप पाटोदिया, अशोक केडिया नीटू, रोहिताश्व बंसल, दिलीप हंसासरिया, हरिश तुलस्यान आदि मौजूद थे। सभी ने समाजहित में अपने अपने विचार रखे।



## झुंझुनूं महिला कांग्रेस ने जिला कलक्टर को दिया राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

नवलगढ़ (सीमा सन्देश सं)। झुंझुनूं महिला कांग्रेसअध्यक्ष तारा पूनिया के नेतृत्व में जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भगोड़े प्रज्वल रवेना को बचाने के बजाय भारत सरकार लाकर कानून के शिकंजे में सौंपने की मांग की गई। ज्ञापन में 1000 से अधिक बहन बेटियों का यौन उत्पीड़न करने वाले भाजपा के सहयोगी भगोड़े सांसद प्रज्वल रवेना पर कार्रवाई की मांग की गई। तारा पूनिया के साथ झुंझुनूं ब्लॉक अध्यक्ष शारदा ढाका, मुकुंदगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सुमित्रा शर्मा, उपाध्यक्ष मधु खन्ना, सोनू वर्मा व अन्य महिलाएं साथ थी।



## समाजसेवी अजय धींवा के आह्वान पर 285 युवाओं ने किया रक्तदान

झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)। समाजसेवी अजय धींवा द्वारा रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 285 यूनिट का संग्रहण किया गया। समाजसेवी अजय धींवा ने बताया कि रक्तदान महादान है। यदि आप एक रक्तदाता हैं, तो आप किसी के जीवन के लिए एक नायक व रक्षक है। अभी जो डेंगू व मौसमी बीमारियां चल रही है। ऐसे में रक्तदान करके आप मरीजों के ईलाज में सहयोग कर सकते है। क्योंकि इससे बड़ा पुण्य का कोई कार्य नहीं है। उन्होंने सफल रक्तदान शिविर आयोजन करने के लिए जीवन रक्षा ब्लड सेंटर को भी धन्यवाद दिया।



## सेल्फी विथ परिंडा अभियान के तहत लगाये 51 परिन्डे

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। ग्रामीण विकास सोसायटी नृसिंहपुरा द्वारा सेल्फी विथ परिंडा अभियान के तहत गांव के स्कूल, मन्दिर व सार्वजनिक स्थानों पर कुल 51 परिंडे लगाये गये। साथ ही सोसायटी द्वारा गर्मी के मौसम को देखते हुए पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर समाजसेवी कृष्ण जाट, लोकेश जाट, राहुल कुमार, सतीश जाट समेत ग्रामीण विकास सोसायटी के सदस्य मौजूद रहे।

# हरियाणा का प्रचार बीच में छोड़ झुंझुनूं पहुंची प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत

- बीडीके अस्पताल में घायलों की कुशलक्षेम पूछी, बोले-हर मदद को भाजपा कार्यकर्ता तैयार



झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)। सिंघाना थाना इलाके के थली के पास सोमवार को हुए दर्दनाक हादसे की खबर के बाद भाजपा की प्रदेश महामंत्री और पूर्व सांसद संतोष अहलावत हरियाणा में चुनाव प्रचार छोड़कर सीधा झुंझुनूं पहुंची। दरअसल पार्टी ने उन्हें सोनीपत लोकसभा सीट में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने के लिए संतोष अहलावत को चुनावों तक वहीं रहने के निर्देश दे रखे है।

बावजूद इसके इलाके में इतने बड़े हादसे की खबर के बाद अहलावत से रूका नहीं गया और वे भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां व भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ झुंझुनूं बीडीके अस्पताल पहुंची और यहां पर भर्ती हर एक मरीज से मुलाकात कर चिकित्सकों ने उनकी मेडिकल रिपोर्ट जानी और मरीजों से कुशलक्षेम पूछी।

इस मौके पर भाजपा प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत ने कहा कि सभी घायलों और उनके परिवार के सदस्यों को आश्वस्त किया है कि उनके ईलाज में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। वहीं जरूरत पड़ने पर भाजपा का कार्यकर्ता हरसंभव मदद के लिए तैयार रहेगा। इस मौके पर अहलावत ने गत दिनों कुहाड़वास में शॉर्ट सर्किट से लगी आग में घायल पति, पत्नी और पुत्र से भी बीडीके अस्पताल में मुलाकात की। अहलावत ने इन तीनों घायलों को सरकार से हरसंभव मदद दिलवाने का भरोसा दिलाया। इसके बाद अहलावत ने सभी चिकित्सकों से निवेदन किया कि वे दोनों ही हादसों के घायलों के ईलाज में कोई कोताही ना बरतें। खून आदि की जरूरत पड़ने पर सूचना दें। भाजपा कार्यकर्ता तैयार है। इस मौके पर अहलावत के साथ भाजपा के राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां, जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी, झुंझुनूं शहर अध्यक्ष कमलकांत शर्मा, विकास भालोठिया, अरूणा सिहाग, महेश जीनगर, जगदीश गोस्वामी, आईटी जिला संयोजक सौरभ सोनी व सत्यनारायण हलकारा आदि मौजूद थे। आपको बता दें कि मंगलवार 7 मई को हरियाणा के सोनीपत लोकसभा क्षेत्र के बरोदा विधानसभा क्षेत्र में हरियाणा के सीएम साहिब सिंह सैनी की सभा भी है। जिसकी तैयारियों को लेकर प्रदेश महामंत्री संतोष अहलावत के पास विशेष तौर पर जिम्मेदारी भी है।

सभा की तैयारियों में जुटी प्रदेश महामंत्री अहलावत हादसे की सूचना के बाद बिना कोई देर किए सीधे झुंझुनूं पहुंची और घायलों से मिली। अहलावत ने बताया कि वे सरकार को भी पत्र लिख रही है। जिसमें ना केवल कुहाड़वास, बल्कि थली हादसे में घायलों और मृतक परिवारों को सहायता की मांग की जाएगी।

वहीं ऐसे हादसे ना हो। इसे रोकने के लिए पुलिस व परिवहन विभाग को भी पत्र लिखेगी। भाजपा नेताओं ने हादसे में मृत लोगों को भी श्रद्धांजलि दी है।

## दी फुटवियर एण्ड जनरल एशोसिएशन का गठन

- किशन अग्रवाल अध्यक्ष नियुक्त



कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। दी फुटवियर एण्ड जनरल एशोसिएशन के चुनाव आयोजित कर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में किशन अग्रवाल को अध्यक्ष, चेतन कुमार सैनी को उपाध्यक्ष, रजत जिंदल को कोषाध्यक्ष, सतीश जिंदल को महामंत्री, रामकिशन अग्रवाल को मंत्री, तुलसीराम टेलर को संरक्षक नियुक्त किया गया। सदस्यों में सोहन लाल सैनी, बंटी भाई, रामकुमार सैनी, राजकुमार टेलर, कबुल सैनी को शामिल किया गया है। कार्यकारिणी ने सर्वसम्मति से अमावस्या को प्रतिष्ठान बंद रखने का निर्णय लिया।




## 70 से अधिक रोगियों ने लिया चिकित्सा परामर्श

झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)। लॉयंस क्लब झुंझुनूं द्वारा पंसारी लॉयंस अस्पताल बगड़ रोड पर स्वर्गीय एमजेएफ लॉयन मानाराम जांगिड़ के पुण्यस्मृति में उनकी धर्मपत्नी उमरावती देवी जांगिड़ के आर्थिक सौजन्य से मधुमेह चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 70 से अधिक रोगियों की शुगर जांच कर लॉयन डॉ. एनएस नरूका एवं लॉयन डॉ. अनिल अग्रवाल के चिकित्सा परामर्श पर रोगियों को एक माह की दवाइयां निशुल्क प्रदान की गई। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष एमजेएफ लॉयन अमरनाथ जांगिड़, सचिव लॉयन भागीरथप्रसाद जांगिड़, लॉयन डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत, लॉयन किशनलाल जांगिड़, लॉयन शिवकुमार जांगिड़, लॉयन ओमप्रकाश जांगिड़, लॉयन गोपाल कृष्ण गुप्ता, लॉयन सुरेश कुमार मोदी, लॉयन शुभकरण जांगिड़, लॉयन महिपाल सिंह, लॉयन मुबारक अली पठान, लॉयन विश्वनाथ सोनी सहित अन्य जन उपस्थित रहे। शिविर के संयोजक लॉयन महिपाल सिंह थे। इसी क्रम में क्लब द्वारा प्रत्येक रविवार को आयोजित किए जाने वाले बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर में 36 रोगियों का पंजीयन कर उन्हें लॉयन डॉ. एनएस नरूका एवं लॉयन डॉ. अनिल अग्रवाल के चिकित्सा परामर्श पर क्लब द्वारा साथ दिवस की दवाइयां निशुल्क प्रदान की गई। इस शिविर के संयोजक लॉयन गोपाल कृष्ण गुप्ता एवं लॉयन सुरेश कुमार मोदी थे।

# डिश टीवी द्वारा 'डिशटीवी स्मार्ट+' सर्विसेज के साथ मनोरंजन इंडस्ट्री में आई क्रांति

- किसी भी स्क्रीन पर देखें टीवी और ओटीटी एक साथ




जयपुर (कासं)। डिश टीवी ने भारत में मनोरंजन अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए एक अग्रणी पहल की है। अग्रणी डीटीएच प्रदाता ने अपनी इस पहल में अपने अभूतपूर्व प्रस्ताव 'डिश टीवी स्मार्ट'+ सर्विसेज की घोषणा की है। यह लॉन्च इस इंडस्ट्री में एक नया उदाहरण स्थापित कर रहा है, जो ग्राहकों को किसी भी स्क्रीन पर, कहीं भी, बिना किसी अतिरिक्त लागत के टीवी और ओटीटी दोनों कॉन्टेंट तक अपनी पहुंच प्रदान करता है। यह सुविधा, लचीलापन और उन्नत मनोरंजन विकल्प को सुनिश्चित करती है, जिससे ग्राहकों के देखने के अनुभव को और भी सशक्त बनाया जा सकता है।

अभिनेत्री अहाना कुमरा ने कहा, एक कलाकार के रूप में, मैं अपने सभी दर्शकों तक पहुंचने के महत्व को समझती हूं। डिश टीवी स्मार्ट+ सर्विसेज के साथ, मनोरंजन एक कदम और आगे बढ़ रहा है। अब, हम देश भर के घरों से सीधे जुड़ सकते हैं, यहां तक कि दूरदराज के इलाकों में भी जहां थिएटर दुर्लभ हैं। यह नवाचार न केवल हमारी पहुंच का विस्तार करता है बल्कि परिवारों को एक साथ लाता है और पारंपरिक टीवी की सीमाओं से परे कॉन्टेंट विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला की पेशकश करता है। ओटीटी सेवाओं को टीवी के समान बॉक्स में एकीकृत करने के साथ, दर्शक अपने टीवी प्रीमियर से पहले ओटीटी पर नाटकीय रिलीज का आनंद ले सकते हैं। जिससे मनोरंजन सभी के लिए अधिक सुलभ बन जाता है।

नए प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुए, डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के सीईओ, मनोज डोभाल ने कहा, "अपनी स्थापना के बाद से, डिश टीवी ने मनोरंजन उपभोग परिदृश्य को बदल दिया है, लोगों को अपने पसंदीदा कॉन्टेंट का आनंद लेने के लिए कई नई चीजों को पेश किया गया। इस नए प्रस्ताव के साथ, हम व्यापक और सुलभ मनोरंजन अनुभवों के लिए एक नया मानक स्थापित करते हुए और भी बड़ा बदलाव लाने के लिए तैयार हैं। 'डिश टीवी स्मार्ट+' सर्विसेज का लॉन्च सिर्फ एक प्रस्ताव से कहीं अधिक का प्रतिनिधित्व करता है; यह भारत में मनोरंजन की खपत को फिर से परिभाषित करने की दृष्टि का प्रतीक है, जो स्मार्ट और बड़ी होती जा रही है। विकल्पों से भरे इस बाजार में, ग्राहक अक्सर खुद को अभिभूत महसूस करते हैं।

हमारा लक्ष्य समग्र और संपूर्ण मनोरंजन समाधान पेश करके उनकी पसंद को सरल बनाना है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि पारंपरिक टेलीविजन और ओटीटी प्लेटफॉर्म दोनों आज के युग में जरूरी हैं और हमारे प्रस्ताव के साथ, हमारा लक्ष्य उनके समान महत्व की पुष्टि करना है।

## राजेंद्र शर्मा को दी जिम्मेदारी



झुंझुनूं (सीमा सन्देश सं)। भारतीय जनता पार्टी झुंझुनूं के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं बगड़ नगरपालिका के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा को विप्र सेना राजस्थान का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति पत्र प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील तिवाड़ी की सहमति से जारी किया।

## जोधपुरा संघर्ष समिति व अल्ट्राटेक सीमेंट प्रबंधन के बीच प्रशासन ने करवाई वार्ता

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट मोहनपुरा द्वारा आबादी के नजदीक की जा रही हैवी ब्लास्टिंग व लगाये जा रहे कनवर बेल्ट क्रेशर को बंद करवाने की मांग को लेकर जोधपुरा संघर्ष समिति के सदस्य पिछले 516 दिन से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हुये हैं।

सोमवार को समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लेकर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने धरने पर पहुँचें। जहाँ सैकड़ों ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपकर समस्या से अवगत करवाया। जिस पर जिला कलक्टर ने ग्रामवासियों की मांगों को वाजिब मानते हुए अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट प्रशासन को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय बुलाया और ग्रामवासियों के सामने वार्ता का प्रस्ताव रखा। वार्ता बैठक में जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, एडीएम योगेश कुमार डागुर, एसडीएम बृजेश चौधरी, तहसीलदार सौरभ गुर्जर, डीएसपी राजेन्द्र बुरडक, खनन विभाग के अधिकारी समेत अनेक ग्रामीण शामिल रहे।

# निदेशक श्वेता आनंद 20 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर (कासं)। सोमवार ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर अजमेर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये श्रीमती श्वेता आनंद निदेशक, जन शिक्षण संस्थान, अजमेर को परिवादी से 20 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की अजमेर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके बड़े हुये वेतन में कमीशन के रूप में आरोपिया श्वेता आनंद निदेशक, जन शिक्षण संस्थान, अजमेर द्वारा 40 हजार रुपए रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी अजमेर के उप महानिरीक्षक पुलिस रणवीर सिंह के सुपरवीजन एरोधी जजमेर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागचंद के निर्देशन में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज पुलिस निरीक्षक श्रीमती मीरा बेनीवाल द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही कर हुए आरोपिया श्रीमती श्वेता आनंद निदेशक, जन शिक्षण संस्थान, अजमेर को परिवादी से 20 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।




PEGASUS

**पेगासस एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड**
55-56, 5वीं मंजिल, फ्री प्रेस हाउस, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400 021. टेलि: 022 - 6188 4700
ईमेल: sys@pegasus-arc.com यूआरएल : www.pegasus-arc.com

**ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

**प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधानों के अधीन अचल सम्पत्तियों का विक्रय**

यहां जनसामान्य और विशेष रूप से ऋणधारक/सह-ऋणधारक/बंधकों/जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्ति सुरक्षित लेनदार पेगासस असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड जो **पेगासस ग्रुप वन ट्रस्ट-32 (पेगासस)** के बंधक/प्रभार में है को सरफेसी एक्ट, 2002 के प्रावधानों के अधीन आरबीएल बैंक लिमिटेड द्वारा निम्न उल्लेखित ऋणधारक की बकाया, निम्नलिखित प्रतिभूति हित सहित **27/12/2018** को इंडसइंड बैंक लिमिटेड द्वारा अनुबंध से सौंप दी थी।

इस अनुबंध के मद्देनजर सुरक्षित लेनदार के रूप में पेगासस एआरसी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **08.06.2023** को नीचे उल्लेखित बंधक सम्पत्ति का कब्जा प्राप्त कर लिया और इसे **मैसर्स एल सन्स, श्री कुमार ददलानी, श्री महेश ददलानी, श्रीमती रेखा ददलानी और श्रीमती भारती ददलानी से पेगासस असेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड** की बकाया राशि जो धारा 13(2) के अधीन 26/11/2018 को जारी नोटिस के अनुसार **31/10/2018 के मुताबिक रु. 1,06,48,110/- (रुपये एक करोड़ छह लाख अड़तालीस हजार एक सौ दस मात्र)** और **26/03/2024 के अनुसार रुपये 1,91,63,332.61/-(रुपये एक करोड़ इक्यानवे लाख तिरेसठ हजार तीन सौ बत्तीस व पैसे इकसठ मात्र)** प्लस इस पर **27/03/2024** से लागू अनुबंध दर के अनुसार वसूली तक ब्याज और लागत, प्रभारों और खर्चों सहित की वसूली के लिए **13.06.2024** को **'जैसी है जहां है', 'जैसी है क्या है' व 'वहां जो भी है आधार'** पर विक्रय की जायेगी।

यदि ऋणधारक/सह-ऋणधारक/बंधक जमानतदार सुरक्षित आस्तियों की बिक्री से पहले किसी भी समय सभी लागतों, प्रभारों और खर्चों के साथ पेगासस की पूरी बकाया राशि का भुगतान करते हैं, तो कोई बिक्री नहीं की जाएगी।

**दुकान संख्या 18 के लिए आरक्षित मूल्य रु. 10,39,000/- (रुपये दस लाख और उनतालीस हजार मात्र) होगा और बयाना राशि जमा रुपये 1,03,900/- (रुपये एक लाख तीन हजार नौ सौ रुपए मात्र) होगी, दुकान क्रमांक 19 के लिए आरक्षित मूल्य रुपए 10,39,000/- (रुपये दस लाख और उनतालीस हजार मात्र) होगा और बयाना राशि जमा रुपये 1,03,900/- (रुपये एक लाख तीन हजार नौ सौ मात्र) होगी, दुकान संख्या 20 के लिए आरक्षित मूल्य रुपये 10,89,000/- (रुपये दस लाख उन्यासी हजार मात्र) और बयाना राशि जमा रुपये 1,08,900/- (रुपये एक लाख आठ हजार नौ सौ मात्र) होगी।**

| | |
|---|---|
| ऋणधारक/ जमानतदार का नाम | 1. मैसर्स एल सन्स<br>2. श्री कुमार ददलानी<br>3. श्री महेश ददलानी<br>4. श्रीमती रेखा ददलानी<br>5. श्रीमती भारती ददलानी |
| बकाया राशि | 31/10/2018 के अनुसार रुपये 1,06,48,110/- धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार और 26/03/2024 के अनुसार रुपये रु. 1,91,63,332.61 (रुपये एक करोड़ इक्यानवे लाख तिरेसठ हजार तीन सौ बत्तीस व पैसे इकसठ मात्र प्लस इस पर 27/03/2024 से भुगतान तक अनुबंध दर और लागतों, प्रभारों और खर्चों सहित । |
| अचल संपत्ति का विवरण: | 1. दुकान नंबर 18- प्रथम तल नाकोडा टॉवर, गांधी नगर भीलवाड़ा राजस्थान स्थित श्रीमती भारती ददलानी के स्वामित्व में वाणिज्यिक सम्पत्ति के समस्त खण्ड व हिस्से। अधिमापन 220 स्कैयर फीट<br>2. दुकान नंबर 19- पहली मंजिल नाकोडा टॉवर, गांधी नगर भीलवाड़ा राजस्थान स्थित श्रीमती भारती ददलानी के स्वामित्व में वाणिज्यिक सम्पत्ति के समस्त खण्ड व हिस्से। क्षेत्र 220 स्कैयर फीट<br>3. दुकान नंबर-20 - पहली मंजिल नाकोड़ा टॉवर, गांधी नगर भीलवाड़ा राजस्थान स्थित श्रीमती भारती ददलानी के स्वामित्व में वाणिज्यिक सम्पत्ति के समस्त खण्ड व हिस्से। क्षेत्र 220 स्कैयर फीट |
| आरक्षित मूल्य | 1. Rs. 10,39,000/- (दुकान संख्या 18 के लिए )<br>2. Rs. 10,39,000/- (दुकान संख्या 19 के लिए )<br>3. Rs. 10,89,000/- (दुकान संख्या 20 के लिए ) |
| बयाना राशि जमा (आरक्षित मूल्य का 10%) | 1. Rs. 1,03,900/- (दुकान संख्या 18 के लिए )<br>2. Rs. 1,03,900/- (दुकान संख्या 19 के लिए )<br>3. Rs. 1,08,900/- (दुकान संख्या 20 के लिए ) |
| चल संपत्ति का विवरण: | निल |
| दावे, यदि कोई हों, जो संपत्ति और सुरक्षित लेनदार के लिए ज्ञात किसी भी अन्य बकाया राशि और मूल्य के लिए आगे रखे गए हैं | ज्ञात नहीं |
| CERSAI ID | CERSAI Id -400017472536, Asset Id -200017433970 |
| संपत्ति का निरीक्षण | 31/05/2024 को सुबह 11.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे के बीच।<br>संपर्क व्यक्ति: श्री रमाकांत पांडे (प्राधिकृत अधिकारी) @9087788888 और श्री अनिरुद्ध वर्मा @ 7730889481 |
| बोली/बोली जमा करने की अंतिम तिथि: | 12/06/2024 प्रात: 11.00 से सायं 4:00 बजे के मध्य |
| बोली खोलने का समय और स्थान | ई-नीलामी/बोली वेबसाइट (https://sarfaesi.auctiontiger.net) के माध्यम से दिनांक 13/06/2024 को प्रात: 11.00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक |

**यह प्रकाशन प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत उक्त ऋणधारकों/जमानतदारों के लिए 30 दिनों की सूचना है।**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया ई-नीलामी/बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए व ई-नीलामी में भाग लेने के लिए अपनी बोली जमा करने से पहले संबंधित संपत्ति और अन्य विवरण सुरक्षित लेनदार वेबसाइट अर्थात **http://www.pegasus-arc.com/assets-to-auction.html** में दिए गए लिंक का संदर्भ लें। बोलीकर्ता वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर भी जा सकते हैं या सेवा प्रदाता **मैसर्स ई प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजी लिमिटेड ऑक्शन टाइगर, बोलीदाता की सहायता के लिए** : 079-68136805/68136837 मो.: +919978591888,8000023297 ईमेल: ramprasad@auctiontiger.net और support@auctiontiger.net. पर संपर्क कर सकते हैं।

स्थान: भीलवाड़ा, राजस्थान
दिनांक: 06.05.2023

प्राधिकृत अधिकारी
पेगासस एसेट्स रिकंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड
(पेगासस ग्रुप वन ट्रस्ट 32 के ट्रस्टी)


**हादसा** — हादसे के बाद घायलों की कुशलक्षेम पूछने और हादसे की जानकारी लेने के लिए सिंघाना आई थी

# झुंझुनूं कलेक्टर की गाड़ी का एक्सीडेंट, बाल-बाल बची कलेक्टर






सिंघाना (सीमा सन्देश सं)। थाना इलाके के के हुक्मा की ढाणी के पास सोमवार दोपहर को बस व स्कार्पिओ गाड़ी के हादसे का निरीक्षण कर लौट रही कलेक्टर की गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया।

कलेक्टर की गाड़ी आगे चल रही गाड़ी से टकरा गई। इस दौरान हादसे में झुंझुनूं कलेक्टर चिन्मयी गोपाल बाल बाल बच गई। हादसे के बाद कलेक्टर जिला परिषद सीईओ अम्बालाल मीणा की गाड़ी में सवार होकर झुंझुनूं के लिए रवाना हो गई। जानकारी के अनुसार झुंझुनूं कलेक्टर चिन्मयी गोपाल सिंघाना थाना क्षेत्र के थली के पास हुए हादसे के बाद घायलों की कुशलक्षेम पूछने और हादसे की जानकारी लेने के लिए सिंघाना आई थी। अस्पताल में भर्ती घायलों की जानकारी जुटाई तथा हादसे स्थल का मौका मुआयना किया। इसके बाद कलेक्टर दोपहर को करीब तीन बजे सिंघाना अस्पताल से झुंझुनूं के लिए रवाना हुई। इसके करीब दस मिनट बाद वह सिंघाना से दो किलोमीटर दूर पंहुचने पर हुक्मा की ढाणी के पास उनके आगे एक क्रूजर गाड़ी चल रही थी। जिसके ड्राइवर द्वारा गाड़ी को अचानक मोड़ देने से कलेक्टर की गाड़ी चालक ने अपनी गाड़ी को सड़क से नीचे उतार दिया तथा स्पीड में गाड़ी होने के कारण बड़ी मुश्किल से गाड़ी को कंट्रोल में किया। इस दौरान कलेक्टर की गाड़ी पास बने होटल के लोहे के बोर्ड को तोड़ती हुई सड़क के पार चली गई। गनिमत रही की गाड़ी के सड़क पार करने के दौरान कोई वाहन नहीं आया।

इस दौरान हादसे में कलेक्टर की गाड़ी ड्राइवर घायल हो गया। जिसे सिंघाना के राजकीय अस्पताल में ले जाकर प्राथमिक उपचार करवाया गया। इस दौरान हादसे में कलेक्टर की गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। आगे चलने वाली गाड़ी में जयपुर से कुछ लोग हुक्मा की ढाणी में महिला की मौत होने पर शोक सभा में शामिल होने के लिए आए थे। घटना की जानकारी पर बुहाना एसडीएम हेमंत कुमार, नायब तहसीलदार बजरंग जाखड़, विकास अधिकारी दारा सिंह, एएसआई विद्याधर शर्मा मय पुलिस जाब्ते के मौके पर पहुंचे तथा घटना की जानकारी जुटाई। इसके बाद कलेक्टर चिन्मयी गोपाल पीछे चल रहे जिला परिषद सीईओ अंबालाल मीणा की गाड़ी में बैठ कर झुंझुनूं के लिए रवाना हो गई। पुलिस ने क्रूजर गाड़ी व कलेक्टर की इनोवा गाड़ी को थाने में ले जाया गया है।